दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 143 | छतरपुर, गुरूवार 19 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## बोरवेल में आग लगने से पंप वायर जलकर खाक

### जैतपुर गांव की घटना, पानी के साथ ज्वलनशील गैस निकलने की आशंका





***छतरपुर। जिले में ट्यूबवेल में आग लगने का मामला सामने आया है जिसमें लगातार आग लगी हुई है और आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकल रहीं हैं। बोरवेल में आग लगने से इलाके में दहशत और भय का माहौल है। ट्यूबवैल में लगी आग को 24 घंटे से भी ज्यादा हो गया है और पिछले 2 दिनों से लगी हुई है।***

मामला छतरपुर जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव का है। जहां गांव के किसान खुशहाल पटेल के खेत के बोर में यह आग लगी हुई है और लगातार जल रही है जिसे तकरीबन 2 दिन हो चुके हैं।

मामले में जब किसान खुशीराम पटेल से बात की तो उसका कहना है कि मेरे खेत में पिछले 9-10 सालों से यह बोर है और लगातार चालू है उसमें पम्प डला है और वह पानी देता है पर कभी ज्ञात नहीं हुआ कि इसमें से गैस निकलती है वह भी ज्वलनशील, यह तब पता चला जब बोर के कनेक्शन में स्पार्किंग हुई और आग लग गई। इस आग में मेरा पम्प, पाईप, वायर पूरी तरह जल गया। यह आग लगातार जल रही है इसे बमुश्किल बोरा, फट्टी, गद्दे डालकर बुझाया है। घटना और मामले की सूचना थाने को दे दी है, पुलिस आई थी जांच कर चली गई है। उसके बाद से अब तक कोई नहीं आया, आग का अभी भी खतरा बना हुआ है।

वहीं जब किशनगढ़ थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी से बात की तो उनका कहना है कि हम गये थे जांच की तो ऐसा लगता है कि उस बोर में से पानी के साथ-साथ गैस निकल रही है जो ज्वलनशील है। हालांकि इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है हमने उनसे बोर के आसपास न आने और दूर रहने की समझाईस दे दी है। मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों और तहसीलदार को दी है वह आगे की जांच कार्यवाही करेंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सटई में आयोजित किसान सम्मेलन सह जनकल्याण पर्व में होंगे शामिल



छतरपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 दिसंबर 2024 बुधवार को छतरपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव हेलीकॉप्टर से दोपहर 1:30 बजे सटई में बनाए गए हेलीपैड पर पहुंचेंगे और स्टेडियम प्रांगण में आयोजित किसान सम्मेलन सह जनकल्याण पर्व कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात 3ः15 बजे पन्ना के लिए रवाना होंगे। फिर शाम 5:15 बजे खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचेंगे और 6 बजे विमान से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## संभाग स्तरीय एथलेटिक्स महिला तथा पुरुष प्रतियोगिता का आज से होगा आगाज

### 400 खिलाड़ी दिखायेंगे अपना हुनर

छतरपुर। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार संभाग स्तरीय एथलेटिक्स महिला तथा पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय,छतरपुर द्वारा 19 से 21 दिसंबर 2024 तक विश्वविद्यालय के बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस तीन दिवसीय खेल महोत्सव में सागर संभाग के 6 जिलों के 30 से अधिक महाविद्यालयों के लगभग 400 महिला एवं पुरुष प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना खेल हुनर दिखाएंगे। इस वृहद खेल आयोजन की तैयारी विश्वविद्यालय के द्वारा पूरी कर ली गई है।

खेल एवं शारीरिक शिक्षा के संचालक डा बीपी सिंह गौर के मुताबिक संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के सफलतापूर्वक तथा निर्बाध आयोजन हेतु प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों एवं यूनिवर्सिटी स्टाफ को दायित्व सौंपते हुए समितियां बनाई गई हैं।

## पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह ने किया लोकल क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन, खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

**प्रमोद सोनी**

नौगांव। राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित मेला वीक अन्तर्गत आयोजित 69वे लोकल क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन आज पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह ने किया ओर खिलाड़ियों को शुभकामनाए दी पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया और स्वयं मैदान पर बल्ले बाजी करते हुए अपने जौहर दिखाया पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह का नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी उपाध्यक्ष अजय तिवारी दौलत सहित जितेन्द्र सिंह यादव, मुरारी जाटव, ताहिर मंसूरी, अमित तिवारी,अनिल अहिरवार, सहित सी एम ओ नीतू सिंह उपयंत्री आलोक जैसवाल कामिनी कौशिक, हरीश चंद्र तिवारी, राकेश अहिरवार, अखंड राय पूर्व एस डी एम के एल अहिरवार, शत्रो सक्सेना, पत्रकार एवं समाज सेवी संतोष गंगेले, एडवोकेट एवं पत्रकार प्रमोद सोनी, कमल यादव, नन्हे राजा बुंदेला आदि ने स्वागत किया इस दौरान टी आई सतीश सिंह तहसीलदार रंजना यादव नायब तहसीलदार पूजा भोरहरी सहित श्याम लाल नायक, रमाशंकर मनीषी भी मौजूद रहे इस मौके पर पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह ने पत्रकारों से बातचित में कहा कि यह मेला वीक का आयोजन के सफल आयोजन हेतु नगर पालिका ने जो व्यवस्था की वह अत्यंत सराहनीय है और खिलाड़ियों को शुभकामनाए दी नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने कहा लोकल क्रिकेट टूनामेंट के बाद 2तारीख से अखिल भारतीय क्रिकेट टूनामेंट आयोजित किया जाएगा जिसमें बाहर की टीमें भाग लेंगी और खिलाड़ियों ओर दर्शकों के लिए काफी व्यवस्था की जा रही है।





## पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर जप्त की दो पेटी शराब

### कट्टा सहित युवक पकड़ा गया

छतरपुर। थाना महाराजपुर पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान टटम रोड में अवैध शराब की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची मुखर्री तिगेला के पास संदेही ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे रोका गया। संदेही 2 पेटी अवैध शराब लिए हुए था, एवं तलाशी लेने पर एक अवैध 12 बोर का देशी कट्टा एवं कारतूस भी बरामद किया गया। आरोपी अवधेश पटेल पिता मानिक चंद्र पटेल निवासी ग्राम खिरवा थाना महाराजपुर के पास से एक अवैध 12 बोर का देशी कट्टा, कारतूस तथा दो पेटी करीब 18 लीटर अवैध शराब जप्त कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध महाराजपुर थाना में आयुध एवं आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी अवधेश पटेल के विरुद्ध पूर्व से बलवा एवं मारपीट के दो अपराध दर्ज हैं। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया, विवेचना कार्यवाही जारी है। अवैध हथियारों एवं अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है।



# पार्षद बीडी रजक ने दी चेतावनी ब्रिज की जल्द मरम्मत न हुई तो अब होगा धरना प्रदर्शन

## -पार्षद बी डी रजक मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है

## -बीना में नहीं सुनी तो कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे पार्षद

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/पार्षद बी डी रजक ने दी चेतावनी ब्रिज की जल्द मरम्मत न हुई तो अब होगा धरना प्रदर्शन पार्षद बी डी रजक मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।बीना में नहीं सुनी तो कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे पार्षद बी डी रजक। गौरतलब है कि झांसी रेलवे गेट स्थित ओवरब्रिज पर एक साल में 70 से ज्यादा गड्ढे हो गए हैं। ब्रिज की मरम्मत कराने के लिए पार्षद बीडी रजक एसडीएम से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके चलते उन्होंने मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।



उन्होंने शिकायत में कहा है कि एक साल पहले ब्रिज बनकर तैयार हुआ है, लेकिन क्वालिटी ठीक न होने से करीब 600 मीटर लंबे ब्रिज पर 70 से ज्यादा गड्ढे हो गए हैं। इनमें 7 गड्ढे तो ऐसे हैं जिनकी वजह से आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि एक गर्भवती महिला गिरकर घायल हो चुकी है, बावजूद इसके ब्रिज की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। शिकायत में उन्होंने यह भी कहा है कि ब्रिज अभी गारंटी पीरियड में हैं, इसके बाद भी ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत के माध्यम से उन्होंने ब्रिज की जांच कराकर ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है। विरोध स्वरूप दो दिन पहले पार्षद बीडी रजक ने ब्रिज पर हुए गड्ढों के चारों तरफ लाल पेंट से खतरे के निशान लगाए थे। इसके माध्यम से उन्होंने संदेश दिया था कि प्रशासन आम लोगों की शिकायत पर गौर नहीं कर रहा है, इसलिए उन्हें ही कोई कदम उठाना पड़ेगा। ब्रिज की जल्द मरम्मत न होने पर उन्होंने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# केन बेतवा लिंक परियोजना के प्रचार-प्रसार हेतु एसडीएम ने रवाना किये रथ




खजुराहो। जनपद पंचायत राजनगर के कार्यालय परिसर से केन बेतवा लिंक परियोजना के प्रचार प्रसार रथों को राजनगर एसडीएम बलवीर रमन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद पंचायत सीईओ राकेश कुमार शुक्ला ने बताया कि उक्त प्रचार प्रसार रथ राजनगर जनपद क्षेत्र की सभी 87 ग्राम पंचायतों में घूमकर केन बेतवा लिंक परियोजना के महत्व तथा लाभ से अवगत कराएंगे। गौरतलब है कि देश की पहली नदी जोड़ो अभियान की पहली परियोजना बुंदेलखंड की केन बेतवा लिंक परियोजना है। जिसका शिलान्यास करने 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खजुराहो आ रहे हैं। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्रीमति प्रेमबाई मनीराम कुशवाहा, उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र अवस्थी, पुरुषोत्तम शुक्ला, संजय मिश्रा, बृजेन्द्र तिवारी सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# एमसीबीयू में सात दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में अकादमिक लेखन, शोध प्रतिवेदन एवं शोध पत्रों के प्रति विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की अभिरुचि जाग्रत करने के लिए कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी के संरक्षण में विकास एवं शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 7 दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी )आयोजन आज से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में अकादमिक लेखन की विभिन्न प्रविधियों का प्रशिक्षण शोध नैतिकता एवं बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय की शोध एवं विकास शाखा के द्वारा अकादमिक लेखन, शोध नैतिकता एवं बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर कार्यशाला सह-एफडीपी कार्यक्रम 19 से 25 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है।

# केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से चमकेगा बुंदेलखंड - गोविन्द सिंह

## केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर एसडीएम ने जनपद कार्यालय में रखी बैठक



**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। स्थानीय जनपद कार्यालय के सभागार में जनपद सीईओ गोविन्द सिंह राजावत के नेतृत्व में स्थानीय समस्त विभाग प्रमुखों व कर्मचारियों की क्रमश: चार बैठकों का आयोजन किया गया।गौरतलब है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिनांक 25 दिसंबर को केन-बेतवा लिंक का भूमि पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन प्रस्तावित है। उसी कार्यक्रम के संबंध में स्थानीय जनपद सभागार में सीईओ श्री राजावत द्वारा 18 दिसंबर बुधवार को लगातार चार बैठकों का क्रमश: दोपहर 12 बजे,1बजे,2 बजे व 3 बजे से आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि केन - बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से आने समय में बुंदेलखंड चमक उठेगा। सम्पूर्ण बुंदेलखंड की तस्वीर व तकदीर बदलने के साथ ही बुंदेलखंडवासी आत्मनिर्भर बन जाएगा।

गौरतलब है कि देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना 25 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भूमि पूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।जिसकी लागत राशि 44,605 करोड़ रुपए है और इससे लाभांवित होने वाले 10 जिलों में शामिल छतरपुर जिले के 688 गांव की सूरत बदल जायेगी। केन नदी पर ठोड़न बांध बनने से जिले के लगभग 4 लाख 16 हजार 942 हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई का लाभ मिलेगा।

जनपद सीईओ गोविन्द सिंह राजावत के नेतृत्व में आयोजित बैठक में मौजूद बीईओ डीआर पटेल, बीआरसी अमरनाथ व्यास,परियोजना अधिकारी अनुराग दुबे,खाद्य निरीक्षक आशीष तोमर व बीईई धर्मेन्द्र मौर्य ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यक्रताओं,जनपद पंचायत अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव एवं रोजगार सहायक व सेल्स मैनों की रखी गई बैठकों को सम्बोधित किया। सीईओ श्री राजावत ने सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों सहित अन्य सभी को इस अति महत्वाकांक्षी योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को मिलने वाले लाभ के बारे में जन जन तक संदेश पहुंचाने की अपील की। श्री सिंह ने कहा कि इस योजना के धरातल पर आने से बुन्देलखण्ड की तस्वीर बदलने के साथ साथ पीने का पानी, सिचाई के लिए पानी और जल स्तर में भी बढ़ावा देखने को मिलेगा।इसके अलावा रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी और पर्यावरणीय लाभ मिलेगा।

# घर-घर पहुंचकर नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष ने लिया आशीर्वाद, बकस्वाहा में जश्न का माहौल





**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। रविवार देर रात भाजपा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा छतरपुर जिले के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की गई और इसमें वकस्वाहा मंडल के अध्यक्ष के रूप में संदीप खरे लल्ला का नाम शामिल था। जैसे ही उनकी नियुक्ति की खबर नगरवासियों को मिली, ढोल-नगाड़ों और पटाखों के साथ हर घर में खुशी का माहौल छा गया। पूरे नगर में उत्सव का आलम था और समर्थक जगह-जगह उनके स्वागत के लिए उमड़ पड़े।

सोमवार की सुबह संदीप खरे ने अपनी यात्रा की शुरुआत पूर्व विधायक प्रदुम्यन सिंह के घर से की। वहां जाकर उन्होंने आशीर्वाद लिया और फिर वकस्वाहा लौटकर भाजपा नेता एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष अभय फट्टा के घर पहुंचे, जहां उनका स्वागत ढोल-नगाड़े और फूलों की वर्षा के साथ किया गया। इस स्वागत ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया।

मंगलवार को संदीप खरे ने वकस्वाहा नगर में घर-घर जाकर लोगों से आशीर्वाद लिया और उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की, उन्हें पार्टी में नई ऊर्जा और जोश के साथ काम करने का आमंत्रण दिया।

नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष संदीप खरे ने अपनी नियुक्ति के बाद कहा, भारतीय जनता पार्टी एक विशाल और मजबूत संगठन है। यहां हर कार्यकर्ता की अहमियत है, चाहे वह छोटा हो या बड़ा। सबका साथ, सबका विकास का सिद्धांत ही हमारी पार्टी की सफलता का मंत्र है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब मिलकर बकस्वाहा मंडल में भाजपा का संगठन और भी मजबूत करेंगे और आगामी चुनावों में सफलता हासिल करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला निर्वाचन अधिकारी योगेश ताम्रकार ने उनकी नियुक्ति की पुष्टि की और सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं। उनका कहना था कि नए नेतृत्व के साथ पार्टी को और मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावों में संगठन की स्थिति को और भी बेहतर किया जाएगा।

इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बहुत महत्वपूर्ण माना और आगामी चुनावों के लिए संगठनात्मक तैयारियों को और पुख्ता करने का संकल्प लिया। पार्टी की रणनीति है कि नए नेतृत्व में संगठनात्मक गतिविधियों को गति दी जाएगी और पार्टी की स्थिति को मजबूत किया जाएगा। नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष संदीप खरे के नेतृत्व में, भाजपा वकस्वाहा में नए आयामों को छुएगी और पार्टी के संगठनात्मक कामकाज में एक नया उत्साह देखने को मिलेगा।

# सागर सांसद ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर महिलाओं का सशक्तिकरण एवं कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के संबंध में चर्चा की एवं मांगपत्र सौंपा

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर देश की महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के संबंध में मांगपत्र सौंपकर देश की महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर और कपड़ा मैनुफैक्चरिंग यूनिटों की स्थापना करने का निवेदन किया ।

इस संबंध में डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने विशेष कर ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर पर प्रदान करने के लिए, स्किल डेवलपमेंट सेंटर और कपड़ा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का निवेदन करते हुए मांगपत्र सौंपा और प्रधानमंत्री को पूरे मांगपत्र के संबंध में बिंदुवार जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से महिलाओं को विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक मजबूत आजीविका के साधनों का निर्माण करेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि इस प्रोजेक्ट से भारत के कपड़ा उद्योग को ग्रामीण और शहरी बाजारों में विस्तार करने का अवसर मिलेगा और महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना भी आसान होगा। कपड़ा मंत्रालय के सहयोग से एवं देश में चल रही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्किल डेवलपमेंट सेटरों की स्थापना करने का सुझाव दिया ताकि महिलाओं को कपड़ा मैन्युफैक्चरिंग और फैशन डिजाइनिंग की उन्नत कौशल की ट्रेनिंग दी जा सके इसके लिए उन्होंने स्किल डेवलपमेंट सेंटर से प्रशिक्षित महिलाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए कपड़ा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना करने का भी सुझाव दिया जो विभिन्न प्रकार के परिधान



बनाने पर केंद्रित होगी इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य इस प्रकार की स्किल डेवलपमेंट केंद्र और कपड़ा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को देश के हर राज्य और हर तहसील में स्थापित करने का उन्होंने निवेदन किया ताकि पूरे देश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके और उन्हें रोजगार के नए अवसर पैदा किये जा सके।

उन्होंने यह भी निवेदन किया कि इस प्रोजेक्ट की शुरुआत मध्यप्रदेश से की जा सकती है, जो देश का हृदय स्थल है फिर इसे चरणवद्द तरीके से पूरे देश में लागू किया जा सकता है । इस प्रोजेक्ट से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अवसर मिलेगा और कपड़ा मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और महिलाओं को आधुनिक फैशन इंडस्ट्रीज की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उन्हें ग्लोबल मार्केट से जुड़ने का मौका भी मिलेगा।

# योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुँचाना ही प्राथमिकता - नपाध्यक्ष

## कटरा वार्ड में लगा मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/नगरपालिका द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत नगर में प्रत्येक दिन वार्डो के विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, बुधवार को कटरा वार्ड में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान किया, शिविर में शामिल हुई नपाध्यक्ष लता सकवार ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत नगरीय स्तर पर घर-घर सर्वे कर,शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। शिविर के दौरान लोगों द्वारा किए गए आवेदन पर संबंधित विभागों के माध्यम से तुरंत निराकरण किया जा रहा है। इस शिविर में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, संबल योजना, पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना आदि के



बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा बुजुर्गों के जीवन यापन के लिए बुजुर्ग पेंशन योजना चलाई जा रही है, ताकि बुजुर्गों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित इस शिविर के माध्यम से शहर के वार्ड की जनता को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस शिविर में मनसुख राय,पंकज ताम्रकार,सुबोध जैन, विकास राजपूत, नवीन साहू, हरिओम सोनी, भूपेंद्र राय, सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।।

## आगासौद रोड स्थित डबल रेलवे फाटक के पास बाइक सवार दो लोगों को कार ने मारी टक्कर: गांव से बीना आ रहे थे, दोनों अस्पताल में भर्ती

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/आगासौद रोड स्थित डबल रेलवे फाटक के पास बाइक सवार दो लोगों को कार ने मारी टक्कर: गांव से बीना आ रहे थे, दोनों अस्पताल में भर्ती। मिली जानकारी के अनुसार आगासौद रोड स्थित डबल रेलवे फाटक के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को सागर रेफर कर दिया गया है। बाइक सवार नाथूराम (40) पिता बृजलाल लोधी, रामराज (35) पिता प्रीतम लोधी निवासी जुगपुरा अपने गांव से बीना आ रहे थे। डबल रेलवे फाटक के पास तेज रफ्तार कार ने दोनों को टक्कर मार दी। घटना की जानकारी लोगों ने 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर 108 जननी एक्सप्रेस के पायलट महेंद्र यादव मौके पर पहुंचा। डबल रेलवे फाटक से ट्रेन निकलने के दौरान गेट बंद होने से एंबुलेंस को घटना स्थल तक पहुंचने और घायलों को अस्पताल ले जाने के दौरान फाटक पर खुलने का इंतजार करना पड़ा। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया है।

# गढ़ाकोटा अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को बुधवार एवं शनिवार को हो रही निशुल्क सोनोग्राफी जांच

परिहार गर्जना न्यूज। गढ़ाकोटा ।सिविल अस्पताल गढ़ाकोटा में गर्भवती महिलाओं की सप्ताह में 2 दिन बुधवार एवं शनिवार को निशुल्क सोनोग्राफी की जांच की जा रही है। बीएमओ डॉ. सुयश सिंघई ने बताया कि बुधवार एवं शनिवार को अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जांच होती है। पूर्व मंत्री एवं विधायक पं.गोपाल भार्गव ने गढ़ाकोटा अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध कराई है ।जो निश्चित ही शासन की अच्छी योजना है। खासकर उन महिलाओं को जो गांव में रहती है और वह गरीब हैं जो सोनोग्राफी करने बड़े अस्पताल या शहर नहीं जा पाते उनके लिए यह वरदान है।

डॉक्टर सिंघई ने बताया कि सोनोग्राफी से हाई रिस्क वाले मरीजों की पहचान कर उनका सुरक्षित प्रसव कराया जा सकेगा। जिससे जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रहें डिलीवरी के वक्त मां और बच्चे की मौत हो जाती है ऐसा इसलिए की गर्भवती माता को स्थिति के बारे में जानकारी नहीं होती वह हाई रिस्क में होती है। इन सब घटनाओं को रोकने के लिए शासन ने छोटी जगह में सोनोग्राफी की निशुल्क सुविधा शासकीय अस्पताल में कराई है। जिससे प्रसव के पहले होने वाली समस्याओं का पता चल सके और उसका निदान कर जज्जा बच्चा को सुरक्षित प्रसव कराया जा सके।

गढ़ाकोटा अस्पताल में सप्ताह में दो दिन गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है। जो पूरी तरह निशुल्क है। वही सोनोग्राफी करने वाली महिलाएं ने बताया कि भी लोग दूर दृष्टि गांव में रहते हैं जहां सोनोग्राफी की सुविधा नहीं है वही जब से वह प्रेग्नेंट है तभी से बच्चे की स्थिति को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी मगर गढ़ाकोटा अस्पताल में जब से सोनोग्राफी की सुविधा हुई है तभी से बच्चे की स्थिति को लेकर महिला चिकित्सक से उचित सलाह से ही खान-पान समय पर जरूरी आयरन कैल्शियम की दवाई टीका करण की सुविधा है। सोनोग्राफी मशीन का संचालन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर साक्षी जैन के द्वारा किया जा रहा है।

# संजय ड्राइव पर प्रत्येक 50 मीटर पर सड़क के दोनों ओर डस्टबिन लगाने के निर्देश

## निगम आयुक्त ने शहर की स्वच्छता एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यो का जायजा लिया

सागर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों कि नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने जायजा लिया। उन्होंने संगीत महाविद्यालय के बाजू से बनाई जा रही सड़क पर



डिवाइडर बनाने तथा सड़क पर फैली निर्माण सामग्री को तत्काल साफ करने के निर्देश दिए। जैन हायर सेकंडरी स्कूल के पास नाले के कार्य को शीघ्र पूर्ण कर नाले की सफाई कराने हेतु रैंप बनाने तथा दीनदयाल चौराहा के सौंदर्यीकरण हेतु बनाई जा रहीं रोटरी में रेलिंग लगाकर पौधे लगाने के निर्देश दिए । निगम आयुक्त ने भ्रमण के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा दुकानदारों को अपने आसपास साफ- सफाई रखने के लिए समझाइश दी। उन्होंने संजय ड्राइव पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया तथा संजय ड्राइव मार्ग पर 50 मीटर पर सड़क के दोनों ओर डस्टबिन लगाने तथा रोटरी में प्लांटेशन करने के निर्देश दिए । भ्रमण के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि सभी जोन प्रभारी यह ध्यान रखें कि मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो अगर कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण करते हुए पाया जाए तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें तथा तत्काल सामान की जप्ती करें । सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान अपने कचरे को डस्टबिन में एकत्रित कर कचड़ा गाड़ी को दें- निगमायुक्त - नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखें तथा दुकान का कचरा डस्टबिन में एकत्रित कर कचड़ा गाड़ी को दें उसे किसी भी स्थिति में सड़क पर न डालें और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें ।अगर दुकान के आसपास सड़क पर कचड़ा फ़ैला हुआ पाया जाएगा तो संबंधित के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

# विश्वविद्यालय- फिट इंडिया मूवमेंट के तहत पारंपरिक खेलों का आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। सागर. डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा ''फिट इंडिया मूवमेंट'' के तहत फिट इंडिया सप्ताह 2024, दिनांक 16 दिसंबर 2024 को शारीरिक शिक्षा विभाग खेल मैदान पर प्रारंभ हुआ. निदेशक शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ. विवेक बी साठे के मार्गदर्शन में तीसरे दिन पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया जिसमे विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने गिल्ली डंडा, पिट्ठू, रस्साकशी में बढ़ चढ़कर भाग लिया. इन खेलों के समन्वयक महेंद्र कुमार एवं विनय शुक्ला रहे. इस अवसर पर डॉ सुमन पटेल, अनवर खान, डॉ मनोज जैन, डॉ रंजन मोहंती, दीपक दुबे उपस्थित रहे. कल दिनांक 19 दिसंबर 2024 को छात्र/छात्राओं का फिटनेस परीक्षण दोपहर 3:00 बजे से किया जाएगा.

# मुसाफिरों को रैन बसेरा में ठहरना होता दुश्वार, न सुविधाएं और न ही प्रचार

## सर्दी के मौसम में अपने कपड़े लाकर ठहरते यात्री, असुविधाओं ने पसारे पैर




**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मुसाफिरों को बस स्टेंड पर ही ठहरने के लिए नगर पालिका द्वारा रैन बसेरा बनाया गया है, लेकिन पर्याप्त प्रचार प्रसार न होने और बोर्ड आदि न लगाए जाने से मुसाफिरों को लाज एवं होटलों में रहना पड़ता है। यहां की दम तोड़ती सुविधाओं के कारण भी आने वाले मुसाफिरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां आने वालों में सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। बस स्टैंड पर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा शाम होते ही बनने लगता है, दुकानदारों को चोरी की घटनाओं का सामना करना पड़ता है। आधुनिकता के नाम पर निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन यहां के शौचालय से लेकर प्रतिक्षालय तक असुविधाओं के कारण लोगों की नाराजगी का कारण बने हुए है। यहां रैन बसेरा के हालात यह हैं कि यहां ठंड से बचने के लिए नहीं अब तक कोई खास इंतजाम नहीं किए गए हैं। मुसाफिरों सर्दी से बचने के लिए यहां अपने कपड़े लेकर सोने के लिए जाना पड़ता है। इतना ही नहीं मुसाफिरों को यहां गंदे कंबल और तकिया दिए जाते हैं, जिन्हें ओढ़ने के बाद ठीक से यात्री सो भी नहीं पाते। सूत्रों की मानें तो यहां के चादर और कंबल कई दिनों तक नहीं धोए जाते हैं। बताया गया है कि जिले में ठंड का प्रकोप शुरू हो गया है, सर्द हवाएं चलने लगी हैं। सुबह और रात में सर्दी से लोगों के बुरे हाल होने लगे हैं। शीतलहर लोगों को बीमार बना रही है। लगातार ठंड के चलते टेम्परेचर गिरता जा रहा है, ऐसे में शहर के न्यू बस स्टैंड पर बने रैन बसेरा के बिगड़ते हालातों ने आम जनता को सुविधाओं से दूर रखा है। यहां आने वाले परदेशियों को एक तो रैन बसेरा का ठीक से पता ही नहीं है, दूसरी ओर भूल से यदि यहां कोई आ भी जाता है, तो यहां आने वालों को सुविधाओं से महरूम रखा जाता है। प्रचार प्रचार की कमीं के कारण यहां आने वालों को मजबूर होकर लांज और होटलों में शरण लेना पड़ती है, जबकि यहां का रैन बसेरा सर्व सुविधाओं से युक्त रहा है। यहां पुरूष और महिलाओं के ठहरने की बेहतर व्यवस्थाएं रहीं हैं लेकिन असमाजिक तत्वों की सरगर्मियों और सुरक्षा के खास इंतजाम न होने के कारण इस इलाके में ठहरने से लोग बचते आ रहे हैं। बस स्टेण्ड पर शराब के नशे में गाली गलौज करना और चोरी चकारी की घटनाएं होना आम बात है, लेकिन डर और भय के कारण यहां लोग शिकायत करने से भी बचते आ रहे हैं। यहां ठंड से बचने के लिए मुसाफिरों के लिए कोई ठोस इंतजाम नही दिखाई दिए। बताया गया है कि इस रैनबसेरा में दूर-दूर से आने बाले मुसाफिर अपने साथ अपने कम्बल आदि लाकर रात गुजारते दिखाई दिए, क्योंकि यहां पर जो कम्बल दिए जाते वह काफी गंदे रहते जिनसे बदबू आती हैए यही हाल चादरों और तकियों का रहता हैए यह बात हमें वहां रुके मुसाफिरों ने बताई, मुसाफिरों का कहना रहा कि यहां पर गंदगी काफी है इन कपड़ों से धूल ही धूल निकलती है और यह गन्दे कम्बल भी ठंड को बचाने लायक नहीं हैं, यह काफी पतले हैं, जिससे गरीब मुसाफिरों की ठंड नहीं बच पाती है। इस सबंध में रैनबसेरा में मौजूद कर्मचारी ने बताया कि हम क्या करें, हमें जो चद्दर, कंबल और तकिए परिषद से मिलते हैं, वह हम मुसाफिरों को देते हैं। बताया गया कि एक महीने या 15 दिनों में चादर और कंबल धुलने जाते हैं। मजे कि बात तो यह देखी गई इस रैन बसेरे में 25 पलंग पुरुषों के लिए और 25 पलंग महिलाओं के लिए रखे गए, मगर यह सारे के सारे पलंग खाली पड़े, उसमें से सिर्फ 7 लोग ही इस रैन बसेरे में पाए गए जिन्होंने इस रैन बसेरे की पोल खोली। इस सम्बंध में टीकमगढ नगरपालिका के सीएमओ रामरतन पटेरिया का कहना रहा कि जल्द ही व्यवस्थाएं सुधारी जाएगी। मगर जब उनसे पूंछा गया नगर में बने रैनबसेरा में किंतने पलंग पड़े हैं, तो वह यह नहीं बता पाये और कहा कि मैंनें अभी ज्वाइन किया है।

## प्रशासन गांव की ओर-

## विद्यालयों में छात्रों को दिया जा रहा मीनू अनुसार पौष्टिक पका हुआ भोजन

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार प्रशासन गांव की ओर योजना का लाभ ग्रामीणजनों को मिल रहा है। योजना अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली जनसुनवाई से ग्रामीणजनों को ग्राम पंचायत में ही शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है तथा उनकी समस्याओं का भी गांव में ही निराकरण हो रहा है। ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों द्वारा शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निमार्ण योजना का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन कराया जा रहा है। पीएम पोषण के तहत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों या बाल वाटिका में पढ़ने वाले छात्रों को साप्ताहिक मीनू अनुसार पौष्टिक पका हुआ भोजन दिया जा रहा है। इसके तहत कक्षा 1 से 8 तक के छः से चौदह वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को स्कूल की छुट्टियों को छोड़कर प्रतिदिन पका हुआ पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पीएम पोषण योजना के तहत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों या बाल वाटिका में पढ़ने वाले छात्रों को तय किये गये साप्ताहिक मीनू अनुसार पका हुआ भोजन दिया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें पीएम पोषण योजना की लागत साझा करती हैं, जिसमें केंद्र 60 प्रतिशत और राज्य 40 प्रतिशत प्रदान करता है। केंद्र सरकार अनाज और अन्य खाद्य पदार्थों के लिए वित्तपोषण प्रदान करती है। सुविधाओं, परिवहन और श्रम की लागत संघीय और राज्य सरकारों द्वारा साझा की जाती है। भाग लेने वाले राज्य/क्षेत्र अलग-अलग राशि का योगदान करते हैं।



# पुलिस अधीक्षक ने किया चौकी कनेरा का औचक निरीक्षण

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। कनेरा पुलिस चौकी क्षेत्र के आमजन से पुलिस अधीक्षक द्वारा संवाद किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में चौकी क्षेत्र के आमजन सहित पत्रकारगण, जनप्रतिनिधि हुए शामिल हुए। बताया गया है कि बीते रोज 17 दिसम्बर 2024 को थाना बमोरीकला अंतर्गत चौकी कनेरा का औचक निरीक्षण किया जिसमें चौकी परिसर, प्रभारी कक्ष, मालखाना, परिसर के कैमरे, शिकायतें, पेंडिंग अपराध एवं आमजन हेतु पेय जल, बैठने की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया एवं चौकी प्रभारी को निर्देशित किया। इसके साथ ही परिसर में पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी स्टाफ, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं आम जनता के बीच जनसंवाद किया गया। जिसमें क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जनसंवाद में लोगों द्वारा अपनी समस्याओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा जिनकी समस्याओं को पुलिस अधीक्षक ने सुना एवं उनका निराकरण किया एवं साथ ही आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों से अवगत कराया एवं नशे से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने, महिलाओं का सम्मान करने की अपील की। क्षेत्रवासियों द्वारा एसपी का धन्यवाद किया एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्रवासियों को निष्पक्ष कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ ने क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकने में पुलिस का सहयोग करने की अपील आमजन से की है।



## नम आंखों से दी समाजसेवी एवं पत्रकार राधा बल्लभ गुप्ता को अंतिम विदाई

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। स्थानीय कटरा बाजार निवासी वरिष्ठ पत्रकार राधा बल्लभ गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग पचहत्तर वर्ष के थे। नई दुनिया इंदौर के पत्रकार रहने के साथ ही वह शिक्षा विभाग में कर्मचारी भी रहे। इसके साथ ही श्री गुप्ता जी समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपने को सक्रिय बनाए रहे। वह वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र गुप्ता के पिताजी थे। उनके निधन पर पत्रकारों सहित नगरवासियों में शोक छा गया। श्री गुप्ता जी की अंतिम यात्रा में आज बढ़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए, जिन्होंने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। श्री गुप्ता जी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बताया गया है कि वरिष्ठ पत्रकार राधा बल्लभ गुप्ता की अंतिम यात्रा सुबह साढ़े नौ बजे के लगभग उनके कटरा बाजार स्थित निज निवास से निकली। गमगीन माहौल में उन्हें नगर के बानपुर मार्ग पर बने मुक्तिधाम पर अंतिम विदाई दी गई। उनके निधन पर नगर के समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, पत्रकारों एवं नगरवासियों ने शोक व्यक्त करते हुए भावभीनीं श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में बीजेपी जिलाध्यक्ष अमित नुना, पूर्व कापरेटिव बैंक अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी, पूर्व विधायक राकेश गिरी, पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष गोविंद बिहारी अग्रवाल, संजय नायक, गोपाल सिंह राय, महेश गिरी, पूर्व पार्षद लक्ष्मण रैकवार, पत्रकार प्रदीप खरे, अनुराग दीक्षित, रंजीत सिंह, मनीराम कठैल, सुनील श्रीवास्तव, कालू सिंधी, सत्येन्द्र ठगन, मनोज भामड़ी, रमेश द्विवेदी, भारत भूषण पटैरिया, कोन्तेय दीक्षित, किरण खरे, मधुकर उपाध्याय, कार्तिक खरे, अमर शर्मा, विकास राय सहित अनेक पत्रकार एवं नगरवासियों के नाम शामिल हैं।

## गुम बालक-महिलाओं का पुलिस ने लगाया सुराग, परिजनों के सुपुर्द किया

टीकमगढ़। कोतवाली पुलिस द्वारा गुम बालिकाओं, बालकों एवं महिलाओं की दस्तयाबी का सफलतम अभियान ऑपरेशन मुश्कान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान नगर निरीक्षक पंकज शर्मा के नेतृत्व में बीते रोज 17 दिसम्बर 2024 को कोतवाली थाना पुलिस टीम द्वारा 01 गुमशुदा महिला को किया दस्तयाब किया गया। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एसडीओपी टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 'महिला सम्मान, सुरक्षा एवं स्वतन्त्रता हेतु जारी 'ऑपरेशन मुश्कान' अंतर्गत समस्त थाना एवं चौकी द्वारा गुम बालक, बालिकाओं, महिलाओं की दस्तयाबी की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिसमें टीकमगढ़ पुलिस द्वारा गुम बालिकाओं एवं महिलाओं का साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र से पता कर राज्य से एवं राज्य के बाहर से विभिन्न शहरों से दस्तयाब कर परिवार के सुपुर्द किया जा रहा है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 17 दिसम्बर 2024 को 01 गुम शुदा महिला को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र सिंह, हरेन्द्र तोमर, गजाधर आरक्षक ऋषि बाबू, गजेंद्र की विशेष भूमिका रही। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ऑपरेशन मुस्कान में लगातार गुम बालिकाओं व महिलाओं की दस्तयाबी की कार्यवाही जारी रहेगी।

# ग्राम पंचायत दिया में किये गये विभिन्न नवाचारों के लिए सरपंच रामशिरोमणि सिंह किये गये सम्मानित



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के जनपद पंचायत पन्ना अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिया के सरपंच रामशिरोमणि सिंह द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ, वृक्षा रोपण, बच्चियों के जन्मदिन मनाने, कोचिंग सेन्टर खोलने, जन सेन्टर संचालन करने को लेकर इन दिनों चर्चाओं मे है, तथा उनके द्वारा लगातार ग्राम पंचायत क्षेत्र में अनेक नवाचार किये जा रहे है, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा को लेकर अभिभावकों एवं छात्र छात्राओ को जागरूक किया जा रहा है, सरपंच बनते ही उन्होने गांव की सभी बच्चियों का जन्मदिन अपनी तरफ से मनाने की घोषणा की गई थी, और उक्त घोषणा को वह लगातार पूरा कर रहे है तथा प्रत्येक बच्चिया का जन्मदिन मनाने का खर्चा अपनी तरफ से करते है एवं अधिक से अधिक बच्चियों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करते है, साथ ही इनके द्वारा गरीब बच्चियां के लिए कोचिंग सेन्टर प्रारंभ किया गया है, जिसमें गांव की ही पढ़ी लिखी बच्चियां छोटे बच्चो को शिक्षा देती है, उन्होन जन सेन्टर भी खोला है, जिसमें अनेक प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारिया शासन की योजनाए, आम जन के कल्याण की जानकारिया उपलब्ध कराई जा रही है। वह शिक्षा तथा समाजिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न राष्ट्रीय तथा अन्तराष्ट्रीय संस्थाओं से भी संपर्क मे है और उसमे अपनी भागीदारी निभाते है, जिससे लगातार ग्राम पंचायत क्षेत्र को लाभ मिल सकें। शिक्षा से संबंध लक्ष्य संस्था के वह अध्यक्ष है, एवं उनके द्वारा टीम भी बना रखी है जिसके अनेक सदस्य है, लक्ष्य शिक्षा राहत कोश फाउन्डेशन संस्था द्वारा पांचवा वार्षिक समारोह बांदा उत्तर प्रदेश के ग्राम तिन्दुवारा मे आयोजित किया गया था, उक्त कार्यक्रम में बुन्देलखंड के विभिन्न जिलो झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, राठ, छतरपुर, पन्ना, सतना, चित्रकूट आदि जिलो के लक्ष्य कैरियर गाईडेन्स का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के सचिव अमरपाल सिंह उपस्थित रहें है। उनकी उपस्थिती में उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान पन्ना जिले के दिया ग्राम पंचायत के सरपंच राम शिरोमणि भी शामिल हुए थें। कार्यक्रम के दौरान सरपंच राम शिरोमणि सिंह नें अपनी ग्राम पंचायत में किये जा रहे नवाचर को मंच से उपस्थित सभी को बताया, तथा कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज के उत्थान एवं उनको आंगे बढानें मे कार्य करना चाहीए, कोई भी समाज तभी आंगे बढती है जब अधिक से अधिक लोग शिक्षित होते है, शिक्षा के बिना मानव जीवन अधुरा है, साथ ही कार्य करने का जजवा हमेशा रखना चाहीए, कोई भी कार्य छोटा बड़ा नही होता है, इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा सरपंच राम शिरोमणि सिंह को सम्मानित किया गया तथा शिक्षा, एवं समाजिक क्षेत्र मे किये जा रहे कार्यो की प्रंशसा की। उनकी उक्त उपलब्धी पर पन्ना जिले के शिक्षा विदो, समाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगो द्वारा बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पन्ना में



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 19 दिसम्बर को अपरान्ह 3.15 बजे छतरपुर जिले के सटई से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर पुलिस लाइन पन्ना स्थित हेलीपैड पहुंचेगे। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री डॉ. यादव पन्ना शहर के पॉलीटेक्निक महाविद्यालय ग्राउण्ड में जनकल्याण पर्व के तहत आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगें एवं उपस्थित जन समुदाय को संबोंधित करेगें। लगभग दो घंटा पन्ना में वितीत करने के उपरांत शाम 5 बजे पन्ना हेलीपैड से खजुराहो विमानतल रवाना होंगे।

## रैपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस के संरक्षण मे लगातार विक्री हो रही अवैध शराब, नहीं लग रहा अंकुश भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी मात्रा में पकड़ी अवैध शराब

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में लगातार पुलिस की मिली भगत से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, तथा स्थानीय ठेकेदार द्वारा गांव गांव अवैध शराब विक्री की जा रही है, जिससे क्षेत्र की युवा पीढ़ी नशे की लत में फस रहीं है, और उनका जीवन बर्बाद हो रहा है, उक्त संबंध में भारतीय शक्ति चेनता पार्टी द्वारा पूर्व में भी अनेको बार अवैध शराब पकड़ने का कार्य किया तथा पुलिस की सुपुर्द किया गया एवं पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन देकर अवैध शराब रोकने की मांग की गई, लेकिन उक्त अवैध कारोबार पर कोई अंकुश नहीं लग रहा, पुलिस द्वारा शराब पकड़ने वालां पर ही मामला बनाने का काम किया है। गत दिवस भारतीय शक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा रैपुरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भरवारा के पास अवैध रूप से विक्री की जा रही 140 पाव लाल, एवं 90 पाव प्लेन शराब भरी हुई पेटियां पकड़ी गई, तथा पुलिस को सूचना देकर शराब बरामद कराई गई। उक्त शराब क्षेत्रीय ठेकेदार के लोग मोटर साईकिल मे रखकर ग्रामीण क्षेत्रो मे सप्लाई कर रहें थे। ज्ञाता हो कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा लगातार नशा मुक्ति का अभीयान चलाया जा रहा है तथा नशा से संबंधित अवैधानिक वस्तुओं को रोकने के साथ साथ जातिवाद, छुआछूत, भय भूख, भ्रष्टाचार को लेकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है तथा शासन प्रशासन से सहयोग करने का अनुरोध किया जा रहा है।



# केन बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए बढ़ेगी जल उपलब्धता

## लाभान्वित ग्रामों का होगा आर्थिक तथा सामाजिक विकास

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/केन बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए जल उपलब्धता बढ़ेगी। साथ ही लाभान्वित ग्रामों का आर्थिक तथा सामाजिक विकास भी होगा। आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन बेतवा लिंक परियोजना आकार लेने जा रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 10 जिलों में केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से लगभग 2000 गांव लाभान्वित होंगे। परियोजना अंतर्गत सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए जल उपलब्धता तथा इससे इन ग्रामों के आर्थिक तथा सामाजिक विकास का आधार बनने पर केन्द्रित जनजागरण के कार्यक्रम भी 25 दिसम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। केन बेतवा लिंक परियोजना के क्रियान्वयन से पन्ना जिले की सात तहसीलों के ग्राम लाभांवित होंगे। परियोजना अंतर्गत पतने ब्यारमा योजना में देवेन्द्रनगर तहसील के ग्राम बरचुआ, सकरिया, सोनई, चौपरा, जमुनहाईकला, उमरझाला, बसई, मुटवाकला, कोढ़नपुरवा, रानीगंजपुरवा, रंजोरपुरवा, गढ़ीपड़रिया, ककरहटी, घटारी, मोहनपुरा, देवरी, भगेपुर, मुराछ, रनवाहा, कलवा, पिपरी, कोहनी, गौरा, बख्तरी, रानीपुरा, मखरा, अमचुई, हिनौता, खपटहा, बिरवाही, ऊटन, बमुरहिया, बडौरा, बमुरी, बांधरेमजीसागर, तिघरी, बाला घर, राजापुर, दौवनटोला, गुखौर, रतगवां, बड़वारा, दुबहिया, सुन्दरा, इटवां तिल्हा, फुलदरी, फुलवारी, पिपरिया, भिलसांय, अमसिल, गोल्हीपाठ, गोल्हीगढ़िया, नुनाही, गोल्हीमुढ़िया, जिगदहा, सिमरी दुबे, करहिया, डडबरिया, भटहरमेघा, भटहरजीत, रैगढ़, इटवां मंहगु, गिरवारा, ककरहा, सिलगी, धरमपुरा और पटिया को लाभ मिलेगा। इसी तरह अमानगंज तहसील अंतर्गत पिपरिया खुर्द, इटौरा, हिनौता भेड़, डोभा, पगरा, कांटी, बमुरहा, ककरहाई, अधरखुवां, अमानगंज, सिमरी, मढियाकला, पड़रिया खुर्द, पिपरिया सरकार, बम्हौरी, भैंसवाही, दग्धा, कुदरा, बुधेड़ा, राजापुर, डहर्रा, मुकेहा, करहिया, घटारी, खमरिया, कोट, बिल्हाईरामनगर, बलगहा, बरौंहा, कल्याणपुरा, महुआडाडा, रामपुर, महंगुवां खुर्द, पिपरवाह, जैतुपुरा, भड़ार, कचनारी, तमगढ़, जसवंतपुरा, रतनपुरा, द्वारी, शंकरपुरा, बांधीकला, मकरंदगंज सिमरिया, बरबसपुरा, खजरूट, मधपुरा, धौराखुर्द, धौर्राकला, खलौन, झिराटा, गढ़ीकरहिया, सिमराखुर्द, सिमराकला, सुनवानीकला, भोईपुरा, रैगुवां, उड़ला, सुनवानीखुर्द, सिधौरा, ककरा, ससई, कमताना, हरदुआकेन, देवरा, सोतीपुरा, रंगिया, भटपुरा, बैरगढ़ा, पगरा, धरमपुरा, देवरीपुरोहित, बिल्हा, कुल्हवा, कंचौरा, विक्रमपुरा, ढरौहा, सीरौ एवं सिरी ग्राम शामिल हैं। गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम कचनारा, बंधौरा, असोनी, पथरहा, बंधूर, मंदहिया, महलरामपुर, लमकुश, ब्यौहारी, करहिया, पतौरा, भटनवारा, छपरवारा, उमरी, हरीरा, पल्हरी, पथराड़ी, सिठौली, झिरिया, धनोखर, सुपन्था, बमुरहिया, भटकुवां, उड़की, सरहंजा, टेढ़ा, श्यामरडांडा, साहपुरा, निवहारी, चांपा, तिदुनहाई, तिघरा बुजुर्ग, करतरिया, मड़ौसा, मगरैला खुर्द, मगरैलाकला, मझियारी, भिटारी, लुका, कठवरिया, माल्हन, तुर्कीताल, सिमरी बहादुर, भमरहा, बछरवारा, मछरहा, उजनेही, सलेहा, भटिया, सेल्हा, नचने, गंगोटा, जमराय, गंज, कटरा, पटनातमोली, रूंध, धरवारा, भगेपुर, कुलगवां मड़ैयन, गुनौर, छिगम्मा, सिली, कचनारा, सुरदहा, ककरहाई, अकौंना, बिलघाड़ी, पड़ेरी, नचनौरा, बिल्हा, लुहरगांव, अमरी, सुगरहा, झुमटा, हीरापुर, गभोरा एवं रामनगर शामिल हैं। सिमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम कोल करहिया, कुलुवा, देवरी, गनियारी, गूढ़ा, बनमई, महराजगंज, मढली, पगरा, कोनी, सांटाबुद्धसिंह, बोदा, गरलगा, चिखला, सिमरिया, निवारी, लुधनी, रैकरा, रतारू, आमघाट, हरदुआ व्यारमा, ढिमरी, घुटरिया, राजपुर, खजरी, बड़खेरा, सिमरी खुर्द, बनौली, ठिगरी, पगरी, सिंगवारा, रीछी, पड़वार, पगरा, खैरी, टिकरिया, दनवारा, लिदरी, हीरापुर, विरासन, चड़रा, टहनगा, उमरी, तिघरा, करिया, पटनाखुर्द, गुड़मनिया, मनिया, पलोही, मजरा, गोल्ही, पिपरा नारायणपुरा, अतरहाई, बरतला, कुंवरपुर, रमपुरा, पड़रिया, मोहन्द्रा, कोठी, दमुइयां, अधराड़ी, मझगवां पहाड़, बेलडावर एवं कढ़ना शामिल हैं। पवई तहसील अंतर्गत ग्राम सिमराकला, टिकुरी, सिमरा खुर्द, किन्ना, कुम्हारी, रिहटा, पटनाकला, कुड़गवां, महोड़, मिहगवांकला, बड़खेराकला, पिपरिया, बिल्हा, सरसेला, चादनपुर, सिमरी, गणेशगंज, इमलिया, महेड़ा, खम्हरिया, नयागांव, पटोरी, बूढ़ा, रक्सेहा, हथकुरी एवं पिपरिया तिवारी को लाभ मिलेगा। पन्ना तहसील के ग्राम बडगड़ीकला, भड़ारकुसमानी, तालगांव, कंडवाहा, इटवांकला, लुधगवां, डोभा, मडैयन नयापुरा, बराछ, धनगढ़, अकोला, जरधोवा, कोटा, उमरामन एवं मडैयन लाभांवित होंगे, जबकि रैपुरा तहसील के चन्द्रावल, सिमरीकला, मझगवां मैमार, विजवार, नयाखेड़ा, महराजगंज, आंवरी, ऊंचा, गोरखईगोविन्दपुर, रैयासांटा, टिपारी, नांदन, हरदुआ पटेल, जैतुपुरा, देवरी, खमरिया, भड़पुरा, मिहदुआ, मढ़िया, भजिया, सटवा, रानीपुरा, अर्जुनपुरा, करनपुरा, मोहरा, ककरा, बहिरवारा, चंदना, चंगेरी, छेवलाकला, बारी, मनकी, अमदर गोविन्दपुरा, पटीकला, पटीखुर्द, मझगवां दौवा, मड़वा, बंजरिया, पड़रियाखुर्द, बम्हौरी और पोनिया गांव लाभांवित होंने का दावा लिंक परियोजना से संबंधित अधिकारीयों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन जिस प्रकार से छतरपुर की सीमा में ढोड़न बांध बनाया जा रहा है, वह अधिक निचाई में होने के चलते पन्ना जिले के लिए कैसे पानी भेजा जायेगा यह अभी भविष्य के गर्त में है, तथा पन्ना जिले के लोगो को सिर्फ बरगलाने का कार्य किया जा रहा है, जहां एक ओर टाईगर रिजर्व पन्ना का सैकड़ो एकड़ क्षेत्र डूब क्षेत्र में आ रहा है, तथा हजारो पेड़ काटे जा रहे है, एवं जंगली जीव जन्तुओं एवं जानवरो का नुकसान हो रहा है, इतना लाभ पन्ना जिले को मिल पायेगा यह कहना मुश्किल है। सिर्फ पन्ना जिले का शोषण किया जा रहा है तथा उक्त परियोजना से दर्जनों ग्रामों के रहने वाले ग्रामवासीयों को उजाड़ने का कार्य जरूर हो रहा है।

# कलेक्टर श्री कोचर ने किया जिला जेल का निरीक्षण

## जेल अधीक्षक को दिये निर्देश





राजकुमार दुबे

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 18 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज जिला जेल पहुंचे और बंदियों को मिल रही सुविधाओं के संबंध में आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने पुरूष बंदीगृहों, किचिन, महिला बंदीगृहों के अलावा स्वास्थ्य एवं भंडार गृह आदि बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया। कलेक्टर श्री कोचर ने जेल में बंदियों से मिलने आये परिजनों से भी चर्चा की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री प्रजापति मौजूद थे।

इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है, निरीक्षण के दौरान बंदियों और उनके परिजनों से भी बात की और यहाँ की सारी व्यवस्थाओं को देखा है। जहाँ-जहाँ संतोष जनक नहीं लगा है, वहाँ पर जेल अधीक्षक और उनके स्टाफ को निर्देशित किया है कि इसमें तुरंत सुधार लाएं और बाकी चीजों के संबंध में एक डिटेल्ड निरीक्षण प्रतिवेदन बनाकर आज ही शासन को भेजी जायेंगी ताकि जो भी कमियां हैं, वह सुधर सके और जो चीज़ अच्छी चल रही है उसको और व्यवस्थित ढंग से चलाया जा सके।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा हटा तहसील के ग्राम हिनौता कलां की फुटकर किराना दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**एक्सपायरी डेट के बिस्किट, सरसों तेल, पान चटनी, टोस्ट एवं अन्य किराना खाद्य सामग्री मात्रा 20 किलो का मौके पर किया गया विनष्टीकरण**



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 18 दिसम्बर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया द्वारा हटा तहसील के ग्राम हिनौता कलां में फुटकर किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यवाही में पन्ना रोड, हिनौता कलां स्थित रमेश किराना, दीपक किराना, जय जगदीश किराना, पुराना बाजार स्थित आकाश साहू किराना, जगन्नाथ साहू किराना सहित अन्य किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त किराना दुकानों में विक्रय हेतु संग्रहित वेफर कंफेक्शनरी के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

मौके पर आकाश साहू किराना में संग्रहित एक्सपायरी डेट के बिस्किट, सरसों तेल, पान चटनी, टोस्ट एवं अन्य किराना खाद्य सामग्री मात्रा लगभग 20 किलो बाजार मूल्य 5200 का मौके पर विनष्टीकरण किया गया। सभी किराना दुकानदारों को एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का संग्रह एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए।

## हटा एवं पटेरा क्षेत्र के ग्रामों में केन-बेतवा लिंक परियोजना से होने वाले लाभों की जानकारी विस्तार से दी गई

दमोह 18 दिसम्बर । केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के प्रचार प्रसार, कलश यात्रा एवं जन जागरण कार्यक्रम दमोह जिले की तहसील हटा के ग्राम अमझिर, भड़कुरा, धौरिया, कुंवर पुरा, पनारी, दमोतीपुरा, डोंगरपुरा, सेमरापति मॉल, रैय्यत, सुनेरा, सिलापरी, झरयार, बछामा, घोघरा, घूरखेड़ा, कारीबरा, मडियादो एवं तहसील पटेरा के ग्राम खेरी हरकिशन, घुघरी मिसर, चैनपुरा, रोडा, पटना, कूमी, जमुनिया, भटिया, कुटरी, पिपरिया मिसर, पंडरी दुबे, बिजोरी पाठक, मड़देही, कंजरा, बनगांव, बमुरिया, पटेरा सहित विभिन्न ग्रामों में किया गया ।

इस अवसर पर आमजन को केन-बेतवा लिंक परियोजना से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई और परियोजना से होने वाले लाभों को विस्तार से बताया गया । इस मौके पर जगह-जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदर्शन किया एवं विद्यालयों में निबंध लेखन चित्रकला की प्रतियोगिता संपन्न हुई । ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कलश यात्रा के कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर आमजन ने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पशुपालन राज्यमंत्री के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र पथरिया को 2138 लाख की लागत से मिली 03 सड़कों की सौगात

**इन सड़कों के निर्माण हो जाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में मिलेगी सुविधा**



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 18 दिसम्बर। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र पथरिया को 03 सड़कों की सौगात मिली है, यह सड़कें 2138.04 लाख रूपये की लागत से बनेंगी। इसमें चोपरा नंदरई हथना स्कूल हथना बांध से होते हुये पथरिया अस्पताल थाना तक मार्ग लंबाई 11 किलोमीटर के लिये लागत 1404.22 लाख रूपये, खैरी से मड़ला-अदौलया मार्ग लंबाई 2.50 किलोमीटर के लिये 271.30 लाख रूपये तथा खोजा खेड़ी से सेमरा बुजुर्ग मार्ग लंबाई 4 किलोमीटर के लिए 522.52 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इन सड़कों के निर्माण हो जाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

## जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल ने हरी झण्डी दिखाकर प्रचार रथ को किया रवाना



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 18 दिसम्बर। केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रचार-प्रसार हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल ने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल ने कहा केन-बेतवा लिंक परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी खजुराहो में इसका शुभारंभ करने जा रहे है, आज प्रचार रथ के माध्यम से जो गांव-गांव तक सभी लोगों को इसकी जानकारी दी जायेगी और एल.ई.डी. की सुविधा भी है, जिससे आम जनता को इस परियोजना के माध्यम से जो सुविधाएं मिलेंगी यथा पीने योग्य पानी मिलेगा, किसानों को सिंचाई की सुविधा होगी । उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी 25 दिसम्बर को इस परियोजना का भूमिपूजन करने जा रहे है, मैं सभी जनता जनार्दन की तरफ से उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ। सभी लोगों से आग्रह करती हूं कि खजुराहो पहुँचकर उनका अभिवादन करें।

## सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान होगा संकल्प पत्र का वाचन

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 18 दिसम्बर। दमोह जिले में कक्षा तीसरी से 12 वीं तक के विद्यार्थियों हेतु अच्छी आदतों के विकास तथा समाज के श्रेष्ठ व भावी नागरिक बनाने की दिशा में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में एक संकल्प पत्र तैयार किया गया है, जिसका वाचन प्रार्थना सभा के दौरान प्रतिदिन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री कोचर का मानना है कि प्रतिदिन स्कूली छात्र प्रार्थना में संकल्प लेंगे जिससे छात्रों में नैतिक मूल्य और अनुशासन आयेगा। वर्तमान समय में विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल के अधिक प्रयोग से विद्यालयों में अनेक ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो समाज के लिए घातक है तथा विद्यार्थियों के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। बिजली, पानी का अव्यय एवं पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए संकल्प पत्र एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। संकल्प वाचन में- जहां भी व्यर्थ में पानी बहता देखेंगे तत्काल नल को बंद करेंगे, जहां भी व्यर्थ में जलती हुई लाईट, पंखा देखेंगे जाकर बटन तुरंत बंद करेंगे, हम पाऊच पॉलीथीन को डस्टबिन में डालेंगे, यहां वहां नहीं फेकेंगे, हम जब भी खाना खायेंगे थाली में जूठन नहीं छोडेंगे, हम जीवन में कम से कम एक पेड़ जरूर लगायेंगे, देख भाल करेंगे, करेंगे, किसी प्रकार का नशा या धूम्रपान कभी नहीं करेंगे, हम स्वस्थ रहने के लिये प्रतिदिन खेल कूद योग करेंगे, हम यातायात के नियमों का सदैव पालन करेंगे, हम हमेशा अपने से बड़ों का आदर करेंगे, हम लड़कियों और महिलाओं को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखेंगे, हम जानवरों और जीव जंतुओं को परेशान नहीं करेंगे, हम जब तक स्कूल में पढ़ेंगे अपने माता-पिता के फोन का उपयोग करेंगे, अलग से फोन लेने की जिद नहीं करेंगे, फोन का उपयोग केवल पढ़ाई के लिए करेंगे, पालन करेंगे पालन करेंगे, हम रोजाना देश दुनिया के ज्ञानवर्धक समाचार पढ़ेंगे, देखेंगे, सुनेंगे, हम जितना अधिक हो सके सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय, रंग, क्षेत्र के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे, हम घर पर एक गुल्लक रखेंगे और उसमे पैसे बचा कर जमा करेंगे, हम सरकारी सम्पत्ति को कभी नुकसान नहीं पहुंचायेंगे और हम अपने भविष्य के केरियर हेतु लक्ष्य का निर्धारण करेंगे, करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा ने समस्त शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्राचार्य से कहा है कि इस संकल्प पत्र का वाचन अनिवार्य रूप से प्रतिदिन कराया जाये।

# मथुरा जीएलए यूनिवर्सिटी में 13वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को बताए भारत में एआई के फायदे

आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जनपद के जीएलए शिक्षण संस्थान में त्रयोदस दीक्षांत समारोह के अवसर पर छात्रों को बताया गया कि एआई के बेहतर उपयोग को खुले तीन केन्द्र सबसे महत्वपूर्ण तीन जगहों में उसका उपयोग करने के लिए भारत सरकार ने 3 सेंटर पिछले माह ही शुरू किए हैं। आईआईटी दिल्ली और एम्स दिल्ली के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा पर एआई उत्कृष्टता केंद्र का उद्देश्य प्रारंभिक रोग की भविष्यवाणी, निदान और महामारी ट्रैकिंग पर ध्यान केंद्रित करना है। यह आयुष दवाओं सहित स्वास्थ्य सेवा के लिए परीक्षणों और डेटा संग्रह सपोर्ट करेगा, जबकि वहनीयता, गुणवत्ता और पहुंच से संबंधित चुनौतियों का समाधान करेगा।



जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के 13वें दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ), कार्यकारी समिति राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) एवं राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे, कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल के अलावा बतौर विशिष्ट अतिथि परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला एवं कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता, प्रतिकुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, कुलसचिव अशोक कुमार सिंह।

आईआईटी रोपड़ के नेतृत्व में कृषि पर केंद्र का उद्देश्य फसल की पैदावार, मौसम और स्थानीय परिस्थितियों पर डेटा का लाभ उठाकर खेती के तरीकों को बदलना है। पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि के साथ एकीकृत करके, यह बुवाई, कटाई और फसल स्वास्थ्य पर एआई-संचालित, वास्तविक समय मार्गदर्शन प्रदान करेगा। यह इसलिए है कि बहुत किसान लोग पीड़ित हैं। कई जगह आत्महत्याएं हो रही हैं तो उनको सही दिशा दिखाने के लिए आईआईटी कानपुर के नेतृत्व में संधारणीय शहरों पर केंद्र स्मार्ट सिटी नियोजन, यातायात प्रबंधन और कुशल संसाधन वितरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का लाभ उठाएगा। सेंसर, जीआईएस मानचित्रों और उपग्रह फ़ीड से डेटा को एकीकृत करके, यह संसाधन की जरूरतों का अनुमान लगाएगा और सार्वजनिक स्थान के डिजाइन को बेहतर बनाएगा।

***संस्थान केन्द्रों से करें एमओयू साइन***

उन्होंने कहा कि जब यह तीन एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से सहायता मिलना शुरू होगी तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह तीन ही इंस्टीट्यूट के लिए ही हैं। हमें ऐसे ही उनके साथ एमओयू कर उनसे जुड़कर रिसर्च कर सकते हैं। इसके बाद स्टूडेंट को वहां इंटर्नशिप के रूप में भेजकर उसकी भी पढ़ाई कैसे करवा सकते हैं, इसके लिए हर यूनिवर्सिटी के हर कॉलेज के प्राध्यापकों को कोशिश करनी पड़ेगी। इसके लिए जीएलए विश्वविद्यालय को भी प्लानिंग करने की जरूरत है।

***प्रदूषण से मुक्ति हेतु पाठ्यक्रमों की आवश्यकता***

हमें यही भी सोचने की जरूरत है कि हमारा गांव, शहर और राज्य की प्रदूषण से जूझ रहे हैं। इस समस्या के कहीं हद समाधान हेतु ऐसी व्यवस्थाएं की जाएं और यूनिवर्सिटी द्वारा सतत विकास पाठ्यक्रम चलाये जायें, जिससे विद्यार्थियों का इस ओर ध्यान आकर्षित हो और छात्र जब इंटर्नशिप पर जायें अथवा जॉब पर जायें तो वह अपनी कार्यशैली में प्रदूषण रहित विकास की भावना के साथ कार्य करे यह बहुत महत्वपूर्ण है।

***हैकाथॉन से बढ़ रही भारत की ताकत***

इसके अलावा आप सभी लोग यानि इनोवेटर हो। भारत की इनोवेटिव ताकत कितनी है यह हम नहीं जानते थे। यह एआईसीटीई ने जो स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन शुरू किया। इसमें जीएलए के भी कई छात्रों ने प्रतिभाग किया होगा। इसका हाल ही में सातवां एडीशन पूरा हुआ है। अभी आठवां चल रहा है। इसके तहत सरकारी विभागों की समस्या, कंपनियों की समस्या, ऑटोमेटिक एनर्जी की समस्या, स्पेस साइंस की समस्या, रेलवे की समस्या, स्वास्थ्य मंत्रालय की समस्या या किसी एनजीओ की समस्या को छात्रों के सामने पेश करने के बाद जो समाधान निकल रहे हैं। उस समाधान से देश को आगे बढ़ने में काफी मदद मिल रही है। अनेक स्टार्टअप संचालित हो रहे हैं। पिछले नौ वर्ष पहले की बात की जाय तो ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वें स्थान पर भारत था, लेकिन पहली ही बार में पिछले वर्ष जब यह इंडेक्स जारी हुई तो भारत 39वें स्थान पर पहुंचा। इसी तरह आधा रास्ता तय हो चुका है और आधा करना बाकी है। भारत की 140 करोड से अधिक आबादी है। आगे भी लोकतंत्र के हिसाब से आगे बढ़ना है।

***भारत के डीएनए में है उद्यमिता और इनोवेशन***

भारत की आत्मा, भारत का डीएनए वह उद्यमिता और इनोवेशन का है, तो इसलिए हमारे जो अनपढ़ लोग हैं वह जो भी इनोवेशन/नवाचार करते है, भले ही उसको जुगाड़ कहा जाता है। वह किसी से कम नहीं है। ऐसे लोगों को भी आगे लाने के लिए राष्ट्रीय इनोवेशन फाउंडेशन जो कि गुजरात के अहमदाबाद में स्थित है। वहां धूल के पेटेंट किए जा रहे हैं और जो कॉलेज और यूनिवर्सिटी से डिग्री प्राप्त करते हैं उनमें तो कहीं अधिक ज्यादा सामर्थ्य होना चाहिए।

***दीक्षांत समारोह कभी न भूलने वाला पल- दिनेश कुमार शुक्ला***

मथुरा। जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के 13वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला ने अपने चार दशकों के अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए उनसे अपने मूल स्वरूप में रहने की बात की।

उन्होंने कहा दीक्षा एक प्रकिया है, जिसमें गुरु अपने शिष्य को व्यवहारिक शिक्षा, ज्ञान, तकनीकी एवं मूल्यों की शिक्षा देता है। बेहतर इंसान बनाना शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने नवीन शिक्षा नीति पर बात करते हुए बेहतर नतीजों की उम्मीद जताई। उन्होंने मानव संसाधन के विकास पर चर्चा की और कहा कि विकसित भारत के मिशन को उचित शिक्षा एवं मानव संसाधन के द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने तकनीकी विकास पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तकनीक कभी अच्छी-बुरी नहीं होती, बल्कि नियत के अनुसार उसका प्रयोग इसे अच्छा-बुराबनाताहै। उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास के द्वारा आ रहे बदलावों के साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि इसके बदले में क्या-कुछ खोया अथवा छोड़ा जा रहा है। उन्होंने एआई के माध्यम से संभावित बदलावों पर चर्चा करते हुए कहा कि कृतिम बुद्धिमत्ता मानव की वास्तविक बुद्धिमत्ता पर हावी ना हो, इसका ध्यान रखने की ज़रूरत है। उन्होंने सभी को प्रासंगिक रहने की सलाह दी एवं कहा कि अपने स्वप्नों को पूरा करने के लिए क्या-कब-कहां जैसे तत्वों पर ध्यान देने की बात कही।

# नगर निगम सुनिश्चित कर रहा है ठंड से न हो किसी की मौत

## -नगर निगम के 13 रैन बसेरों में 286 बैड की व्यवस्था की गई है

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। नगर निगम मथुरा वृंदावन यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि ठंड से किसी अभाव ग्रस्त व्यक्ति की मौत न हो। इसके लिए नगर निगम की सीमा में ऐसे स्थानों पर 13 रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है जहां लोगों का ठहराव रात के समय रहता है। इन 13 रैन बसेरों में 268 बैड की व्यवस्था की गई है। साथ ही इन में रूकने वाले लोगों को ठंड से बचाने के लिए जरूरी इंतजाम भी किये गये हैं। नगर निगम को इस दृष्टि से चार जोन में बांटा गया है और हर जोन की जिम्मेदारी एक अधिकारी को सौंपी गई है। रात के समय नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने नगर निगम के रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त, मोहम्मद अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, अमरेंद्र गौतम प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी महेश चंद्र आदि निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ रहे।



***रैन बसेरा का नाम और क्षमता***

नगला कोल्हू स्थाई 106, बंगाली घाट स्थाई 10, भूतेश्वर रेलवे स्टेशन स्थाई 10, अटल्ला चुंगी स्थाई 10, परशुराम पार्क स्थाई 10, मथुरा जंक्शन गेट 1 अस्थाई 15, मथुरा जंक्शन गेट 3 अस्थाई 15, भूतेश्वर तिराहा अस्थाई 15, लक्ष्मण शहीद स्मारक अस्थाई 20, गोवर्धन चौराहा अस्थाई 15, जिला अस्पताल अस्थाई 15, कालीदह के पास अस्थाई 25, नया बस अड्डा अस्थाई 20 बैड।

## मथुरा- बीएसए सुनील दत्त ने 147 प्रधानाध्यापकों का वेतन रोका

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा परिषदीय विद्यालयों के विकास कार्यों में रुचि न दिखाने वाले 147 प्रधानाध्यापकों के वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। इन सभी को पत्र भेजकर जल्द कार्य पूरा करने के संबंध में भी पत्र जारी किया है। इन सभी ने पीएफएमएस (सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से विभिन्न मदों में आई रकम खर्च ही नहीं की। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में भौतिक संसाधनों की अभिवृद्धि व शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए शासन की ओर से पिछले माह बाल मेला, शिक्षक-अभिभावन बैठक, कंपोजिट ग्रांट और स्पोर्ट्स ग्रांट आदि मदों में धनराशि जारी की गई थी। विभागीय अधिकारियों के कई बार निर्देश देने के बाद भी प्रधानाध्यापकों ने इन मदों में रकम खर्च नहीं की। सोमवार को बीएसए ने पोर्टल पर समीक्षा की तो खर्च शून्य प्रदर्शित हुआ। बीते दिनों महानिदेशक की ओर हुई समीक्षा में जिला 75 वें स्थान पर रहा। इसे देखते हुए बीएसए सुनील दत्त ने 145 स्कूलों व दो पीएम श्री स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। सभी बीईओ और जिला समन्वयकों को भी कार्य में शीघ्र प्रगति न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी है।

## केन बेतवा आई है घर घर खुशियां लाई है

# स्कूली बच्चों को शॉर्ट वीडियो के माध्यम से नदी जोड़ो परियोजना के महत्व के बारे में बताया गया

### केन बेतवा लिंक परियोजना के बारे में दीवार लेखन के माध्यम से भी प्रचार किया जा रहा है




छतरपुर। केन बेतवा लिंक परियोजना का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खजुराहो से 25 दिसंबर को भूमि पूजन कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस परियोजना से होने वाले लाभ की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को जिले में केन बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत शॉर्ट वीडियो के माध्यम से स्कूली बच्चों को दी जा रही जानकारी। साथ ही नदी जोड़ो परियोजना क्या है और पूरा प्रोजेक्ट किस तरह कार्य करेगा शिक्षकों द्वारा बच्चों को समझाया गया है। साथ ही दीवार लेखन के माध्यम से जन जन तक केन-बेतवा लिंक परियोजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा। इसके अलावा बिजावर क्षेत्र के ग्राम नारायणपुरा में उत्साह से कलश यात्रा निकाली गई है और 25 दिसंबर को खजुराहो में होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम के साक्षी बनने की भी अपील की गई।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर संपन्न

## बृहद किसान सम्मेलन सह जनकल्याण पर्व में शामिल होने की अपील






छतरपुर। नगर पालिका छतरपुर निकाय में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत 26 जनवरी 2025 तक हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। सभी विभागीय अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ अभियान को क्रियान्वित करने तथा घर-घर सर्वे कर सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने शहरवासियों से कहा कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में बृहद किसान सम्मेलन सह जनकल्याण पर्व सटई में 19 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने की अपील की। इस दौरान शिविर में लाड़ली लक्ष्मी के माता-पिता को लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता ने बताया कि पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उक्त शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत संबल, पीएम स्वनिधि, विभिन्न पेंशन के आवेदन, नए नल कनेक्शन, हैंडपंप, ट्यूबवेल का सुधार, भवन अनुज्ञा, ट्रेड लाइसेंस, विकास अनुज्ञा समय विस्तार, अविवादित संपत्ति हस्तांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, नो-ड्यूज प्रमाण पत्र जारी करना, संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा।

***मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व का शिविर आज***

19 दिसम्बर गुरूवार को मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व का शिविर पुरानी तहसील महल रोड छतरपुर में आयोजित होगा। इन वार्डो 27, 28, 29 एवं 33 के हितग्राही शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को हितलाभ एवं विभागीय योजनाओं, सेवाओं के लाभ से लाभांवित किया जावेगा। इस दौरान सहायक संचालक जीतेन्द्र गुप्ता, परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह, महिला बाल विकास, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश सेन, सुनील वर्मा, एफएलसी हरिशचन्द्र नापित, रामसिंह राय, अधिकारी-कर्मचारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका द्वारा फुटपाथ पर लगने वाली दुकानों को हटाने का अभियान शुरू

***छतरपुर। छतरपुर नगर पालिका ने कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर शहर के फुटपाथ पर लगने वाली दुकानों को हटाना शुरू कर दिया है। नगर पालिका सड़कों पर आवागमन को सुचारू बनाए रखने और अवैध अस्थायी कब्जों को हटाने के लिए मुहिम चलाने में जुट गई है।***



बुधवार को नगर पालिका के अतिक्रमण विरोधी अमले ने पन्ना रोड पर लगने वालीं अनेक फुटपाथ की दुकानों के दुकानदारों को नोटिस देकर सूचित किया है कि वे अपनी दुकानें लेकर मेला ग्राउण्ड पहुंचे, मेला ग्राउण्ड में फुटपाथ कारोबारियों के लिए पर्याप्त स्थान पड़ा हुआ है। फुटपाथ पर दुकानें लगने से आवागमन प्रभावित होता है। इस बारे में नगर पालिका के अतिक्रमण दल प्रभारी नासिर खान ने जानकारी दी है।

# युवक की करंट लगने से मौत



बक्सवाहा। बकस्वाहा क्षेत्र के धरमपुरा गांव में खेत में फसलों को पानी देते समय 24 वर्षीय राजेश यादव करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

धरमपुरा निवासी राजेश यादव मंगलवार शाम 7 बजे अपने खेत में फसलों को पानी दे रहा था तभी अचानक करंट की चपेट में आ गया। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बक्सवाहा लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर शव परिजनों को सौंप दिया। बकस्वाहा थाना प्रभारी कृपाल मार्को ने जानकारी देते बताया कि धरमपुरा निवासी राजेश पिता भागीरथ यादव उम्र 24 साल मंगलवार शाम 7 बजे खेत में फसल को पानी दे रहा था तभी अचानक करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मृतक दो भाई बहनों में सबसे छोटा था भागीरथ यादव की एक साल की एक बच्ची भी है साथ ही जब भागीरथ यादव 6 साल का था तब उसके पिता की मौत भी करंट लगने से हुई थी और उसी करंट ने उसकी भी जान ले ली।

# पत्नी की गला दबाने एवं पति की जहर खाने से हुई मौत

छतरपुर। दो दिन पहले लवकुशनगर क्षेत्र की पठा चौकी अंतर्गत ग्राम मिढ़का में रहने वाले एक नवविवाहित जोड़े की लाशें उसके ही घर में मिली थीं। इस मामले में पीएम रिपोर्ट सामने आयी है जिससे दोनों की मौत का खुलासा हुआ है। एसपी अगम जैन ने बताया कि ग्राम मिढ़का में पुलिस को मिली सूचना के बाद यहां के एक घर से मनोज पाल और उसकी पत्नि ज्योति पाल की लाश बरामद हुई थी। दोनों की शादी तीन साल पहले हुई थी। दोनों के शव घर के एक कमरे में बंद पाए गए थे। दोनों के शव का पोस्टमार्टम करने पर पता चला है कि ज्योति पाल की गला दबाकर हत्या की गई जबकि मनोज पाल ने जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस इस मामले में अब विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस को संदेह है कि पति-पत्नि के बीच विवाद के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के चलते ये लाशें सामने आयी हैं।



# 384 शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी

छतरपुर। शिक्षकों को क्रमोन्नति एवं समयमान वेतन का लाभ देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी आर पी प्रजापति द्वारा बुधवार को प्रक्रिया पूरी कर आदेश जारी कर दिए गए हैं जिसमे कुल 384 शिक्षक लाभान्वित होंगे।



मीडिया प्रभारी अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि 23 सहायक शिक्षकों को 24 वर्षीय क्रमोन्नति एवं 49 सहायक शिक्षकों को 30 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है इसी तरह 235 प्राथमिक शिक्षकों को 12 वर्षीय क्रमोन्नति एवं 77 प्राथमिक शिक्षकों को 24वर्षीय क्रमोन्नति का लाभ दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रजापति ने बताया कि उक्त शिक्षकों के क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के प्रस्ताव आने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के बाद उक्त आदेश जारी किए गए हैं।

# पड़ोसी द्वारा आदिवासी परिवार के साथ मारपीट, तीन घायल

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चन्द्रपुरा में रहने वाले एक आदिवासी परिवार के साथ पड़ोस में रहने वाले दूसरे आदिवासी परिवार ने मारपीट कर दी। परिवार की दो लड़कियों व माता-पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती बुद्ध सिंह आदिवासी ने बताया कि उनकी पत्नि बबलूबाई आदिवासी, बेटी अनीबाई और गुड़िया के साथ मारपीट की गई है। मारपीट करने वाले आरोपियों के नाम आत्मा सिंह और दुनिया आदिवासी बताए गए हैं। परिवार का आरोप है कि जिन लोगों ने मारपीट की है वे नशे में धुत थे और बेटियों से अभद्रता कर रहे थे मना करने पर उनके साथ मारपीट की गई।




# मुख्यमंत्री ने धमौरा प्राचार्य की दुःखद मृत्यु पर 2 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की

**संवेदनशील दिखाते हुए नियमों को शिथिल कर मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई राशि**

छतरपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कलेक्टर छतरपुर के प्रतिवेदन पर शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय धमौरा में पदस्थ प्राचार्य स्व. सुरेन्द्र कुमार सक्सेना की दु:खद मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि गोली चालन की घटना में प्राचार्य सक्सेना की 6 दिसम्बर 2024 को असामयिक दु:खद मृत्यु हो गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए व्यक्तिगत नियमों को शिथिल कर स्व. सक्सेना की वैध वारिस पत्नी किरण सक्सेना के नाम 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321